प्रेषक,

सुमित पंवार,
अपर जिला जज/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
प्रतापगढ़।

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक,
इलाहाबाद उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वाराः

माननीय जनपद न्यायाधीश,
जनपद–प्रतापगढ़।

पत्रांकः दिनांकः

विषय : प्रार्थी का समयपूर्व जनपद प्रतापगढ़ से स्थानान्तरण हेतु प्रत्यावेदन।

महोदय,

ससम्मान विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी ने माननीय उच्च न्यायालय के नोटिफिकेशन संख्या–1708/एडमिन (सर्विस) दिनांकित 01.12.2022 के अनुपालन में जनपद मुजफ्फर नगर से स्थानान्तरित होकर दिनांक 08.12.2022 को जनपद प्रतापगढ़ में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ0टी0सी0 प्रथम का कार्यभार ग्रहण किया। वर्तमान में प्रार्थी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या–04/पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रतापगढ़। के पद पर कार्यरत है।

महोदय से ससम्मान निवेदन है कि प्रार्थी की विधवा माता श्रीमती चमन देवी पत्नी स्व0 श्री श्यामपाल सिंह, उम्र 74 वर्ष प्रार्थी के साथ ही निवास करती है। प्रार्थी की माता जब से प्रार्थी सेवा में आया है, तब से प्रार्थी के साथ ही निवास कर रही है। और प्रार्थी पर ही पूर्णरूप से आश्रित है। प्रार्थी की माता उम्रदराज होने के कारण डायबिटीज एवं वृद्धा अवस्था में होने वाले रोगो से पीड़ित होने के साथ–साथ घुटने काम न करने के कारण चलने फिरने में असमर्थ हो गयी है।

महोदय ससम्मान निवेदन है कि प्रार्थी के द्वारा अपनी माता की घुटनो का इलाज AIIMS अस्पताल नई दिल्ली में कराया जा रहा है। उपचार कर रहे चिकित्सक के द्वारा यह कहा गया है कि यदि दवाईयों द्वारा उनकेघुटनो में कोई आराम नही आता है तो उस स्थिति में उनके घुटनों का प्रत्यारोपण कराना होगा। चिकित्सक द्वारा प्रत्येक माह प्रार्थी की माता जी को घुटने दिखाने के लिए अस्पताल में आने के लिए कहा गया है। प्रार्थी की माता जी प्रार्थी के साथ ही प्रतापगढ़ में निवास करती है। प्रार्थी की माता जी घुटने पूरे मुड न पाने के कारण वह रेलगाड़ी से सफर नही कर पाती है और मजबूरन प्रार्थी को गाड़ी के द्वारा ही अपनी माता को लेकर AIIMS दिल्ली जाना पड़ता है।

महोदय से ससम्मान निवेदन है कि प्रार्थी कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा है। यदि माननीय न्यायालय की कृपा से प्रार्थी का स्थानान्तरण दिल्ली के नजदीक किसी जनपद में हो जाता है तो प्रार्थी अपनी माता का उचित प्रकार से इलाज करा सकेगा और तनावमुक्त रहकर कार्य भी कर सकेगा।

2................

अतः माननीय महोदय से ससम्मान निवेदन है कि प्रार्थी की उपरोक्त तथ्यो एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थी के प्रत्यावेदन को माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें। जिससे माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद प्रार्थी की विषम परिस्थिति को देखते हुए प्रार्थी का समयपूर्व स्थानान्तरण जनपद प्रतापगढ़ से दिल्ली के समीप किसी जनपद में कराने की महती कृपा की जाये।

श्रीमान जी की महती कृपा होगी।

दिनांकः 19.07.2024

प्रार्थी

Sumit Panwar 19/07/2024

( सुमित पंवार )
अपर जिला जज / सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
प्रतापगढ़।

संलग्नः AIIMS अस्पताल नई दिल्ली में चल रहे इलाज व एक्सरे की सी0एम0ओ0 द्वारा प्रमाणित छायाप्रति।